तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024



06 गर्मी ने दिखाए अपने तेवर, गर्म हवाओं से तप रही है...





06 70 प्रतिशत किसानों की धान फसल पककर...






## खबर संक्षेप



### लोकसभा चुनाव में यात्री बसों के अधिग्रहण होने से यात्री परेशान

**मैनपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश यात्री बसों का अधिग्रहण किया गया है। साथ ही लगातार शादी विवाह के कारण भी बस प्राईवेट कार्यों में लगे हुए है जिसके कारण मैनपुर, रायपुर, देवभोग, धमतरी मार्ग में बसों की संख्या पिछले दो दिनों से कम हो गई है। इस भीषण गर्मी में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने बागबाहरा रोड के पास से आरोपी दीपक साहू पिता गणेशराम (40) निवासी टिकरापारा लाखागढ़ पिथौरा के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पेट्रोल डालकर आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के दमोदरहा एवं गिरसा जंगल के बीच एक 20 साल के युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर ली। सरायपाली पुलिस ने बताया कि नंदलाल पटेल (20) निवासी बानीगिरोला ने पेट्रोल डालकर आग लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## लोकसभा चुनाव : भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिध-कार्यकर्ता तैयारी में सक्रिय

# मतदान केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था, सुबह सात बजे से मतदान, लू का कहर पर मतदाता उत्साहित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होने जा रहा है। इसकी पूरी तैयारी प्रशासन द्वारा हर मतदान केन्द्रों में कर ली गई है। वहीं मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर सकेंगे। तापमान 43 डिग्री के करीब है। धूप बहुत तेज है, झुलसा देने वाला है। एक तरफ लू का कहर चल रहा है तो दूसरी ओर ऐसे हालात में भी आम मतदाताओं में गजब का उत्साह झलक रहा है। हर कोई लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डालने के लिए न केवल आतुर नजर आ रहे हैं। बल्कि लालायित और उत्साहित भी है। बता दें कि गर्मी की विकरालता और तेज धूप को देखते हुए हर कोई सुबह से ही वोट डालने मतदान केन्द्रो में पहुंचने ठान रखा है। क्योंकि जितना जल्दी वोटिंग करेंगे उतना जल्दी उन्हें राहत मिल जाएगा। इसके बाद फिर अपने दूसरे कामों में लग जाएंगे। ईधर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता जिन्हें मतदान कराने की जिम्मेदारी मिली है वे भी अपने वार्डो - मुहल्लो में बिना गर्मी की परवाह किए लगे रहेंगे, यदि ऐसा नहीं करेंगे तो उनका स्वंय का नंबर पार्टी के भीतर कम हो जाएगा। इसे देखते हुए दोनों ही प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता कमर कसे हुए नजर आ रहे है। उल्लेखनीय है कि नवापारा रायपुर लोकसभा क्षेत्र का बड़ा शहर है। यहां के 9 स्कूलों में 23 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें शहर के सबसे बड़े स्कूल शासकीय हरियर हायर सेकेंडरी स्कूल को प्रशासन द्वारा बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र का दर्जा देते हुए बाकायदा बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए है। वैसे भी इस स्कूल की हरियाली और बड़े-बड़े घने झाड़ इस भीषण गर्मी में राहत देने वाली साबित हो रही है। बावजूद प्रशासन ने बेहतर इंतजाम करते हुए पाल, पर्दा लगाकर नीचे मेटिंग बिछाकर कुर्सी भी लगाया गया है ताकि यदि जो मतदाता लाइन में ज्यादा देर तक खड़े होने की स्थिति में नहीं रहेगा वे यहां आराम के साथ कूलर की हवा में कुर्सी और मेटिंग में स्थान पा सकते है।

**शासकीय हरियर हायर सेकेंडरी स्कूल को आकर्षक ढ़ग से सजाया गया**



### अभनपुर विस क्षेत्र में 241 मतदान केंद्र

स्कूलों में शानदार सेल्फी जोन बनाया गया है। वोटिंग की पूरी तैयारी जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रवि सिंग, तहसीलदार सूरज बंछोर एवं सीएमओ प्रदीप मिश्रा की टीम कर चुके है। एसडीएम रवि सिंग ने बताया कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 241 मतदान केन्द्र है जहां तैयारी पूरी कर ली गई है। सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि गर्मी की विकरालता को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए कूलर और ठंडे पानी का इंतजाम किया गया है। लंबे चौड़े भाग पर मेटिंग बिछाकर कुर्सी लगाया गया है। इसे धूप और गर्मी से बचने वेटिंग हाल का रुप दिया गया है। कहना न होगा कि अफसरों की यह टीम बेहतर से बेहतर ब्यवस्था बनाने के लिए जी जान से लगे हुए है। वहीं मतदान केंद्रों के पास सशस्त्र पुलिस के जवान एक दिन पहले से ही मोर्चा संभाल लिए है। सीएसपी मेम ज्योत्सना चौधरी मतदान के पूर्व रविवार की शाम सभी मतदान केंद्रो का घूम-घूमकर जायजा ली एवं मातहत पुलिस अफसरो को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मेम चौधरी के साथ नवापारा टीआई अवध राम साहू एवं पुलिस के जवान पेट्रोलिंग में थे।

# तालाब सूखे , पानी के लिए भटक रहे हैं वन्य प्राणी





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी ने हर किसी की परेशानी बढ़ा दी है। मई माह में बढ़ती गर्मी और बारिश न होने का असर सिर्फ इंसानों पर नहीं वन्य जीवों पर भी दिख रहा है। गरियाबंद जिले में एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्र में है। यहां के जंगल में हिरण, भालू, सांभर, सुअर, गौर, भेड़िया, वन भैंसा, तेंदुआ और टाइगर होने की पुष्टि वन विभाग ने किया है। हाथी भी इसी क्षेत्र में एक अरसे से अपना अड्डा बना लिया है। वन मंडल गरियाबंद और उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ज्यादातर तालाब सूख गए हैं। वन्य जीव प्यास से परेशान हो रहे हैं। वन विभाग के सरकारी रिकार्ड में वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के लिए बारहों महीना पानी उपलब्ध करने तालाब निर्माण हुए लेकिन इसके बावजूद वन्य जीव प्यास बुझाने गांव की ओर कुच कर रहे हैं। वन मंडल गरियाबंद और उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में बड़े संख्या में वन्य प्राणी हैं गर्मी के दिनो मे पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर भटकने को मजबूर है। हालांकि, वन विभाग उनकी प्यास बुझाने के इंतजाम किए हैं लेकिन वह भी कारगर नहीं है। तालाबों को बोरिंग से भरने की नाकाम कोशिश हो रही हैं। तालाब सूख जाने से जानवरों में संघर्ष की आशंकाएं काफी बढ़ गई हैं। दरअसल, गर्मियों में ज्यादातर वन्य जीव तालाबों के पास ही नजर आते हैं। सभी वन्यजीव अपनी प्यास इन्हीं तालाबों से बुझाते हैं। ऐसे में जब पानी के स्त्रोत कम हो जाते हैं तो इनका आपसी संघर्ष और बढ़ जाता है और इनकी जान भी चली जाती है। वहीं, कई बार जानवर पानी की तलाश में आबादी तक पहुंच जाते हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का डर बना रहता है। सामान्य तौर पर अप्रैल से लेकर जून तक गर्मी बढ़ने से हर जगह पेयजल संकट गहरा जाता है। यह असर जंगलों में खासतौर से देखा जा सकता है। जब इन महीनों में बीच-बीच में बारिश हो जाती है तो जल संकट कुछ कम हो जाता है। इस साल भी लगातार गर्मी पड़ रही है। अप्रैल में ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया था। मई माह में गरियाबंद का अधिकतम औसत तापमान ही 43 डिग्री रहा।




खबर संक्षेप



## सिकाड़ा कीट के आवाज की गूंज जंगलों में

**मैनपुर।** इन दिनों गर्मी प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र के घने जंगल रास्ते में कही भी जाओ एक सीटी की तरह आवाज गूंज रही है जिसे सिकाडा कीट कहा जाता है यह आवाज एक खास किस्म के कीड़ा का निकलता है। जिसका नाम सिकाडा है और यह साल के वृक्षो में ज्यादा पाया जाता है। मैनपुर क्षेत्र के घने जंगलो में गर्मी के इन दिनों में सिकाडा कीट की आवाज सुनाई दे रही है स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष गर्मी के दिनों में अप्रैल, मई और जून में यह कीट जंगलो में अत्यधिक मात्र में पाया जाता है और यह कीट की आवाज सीटी की तरह निकलती है। 24 घंटा यह आवाज सुनाई देती है यह कीट झुंड में रहती है बहरहाल इन दिनों क्षेत्र के जंगल सिकाडा की आवाज से गूंज उठा है।

## लीलाराम के परिवार को ग्रामीणों ने किया सहयोग

**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी के गरीब किसान परिवार के नौजवान बेटा लीलाराम के दुखद निधन पर ग्राम के सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कोमल सिन्हा सहित अनेको लोगों ने सहयोग करते हुए तत्काल उन्हें 10 हजार रुपए एवं दो कट्टा चावल देकर राहत प्रदान किया।

## राजधानी पहुंचे एनआरआई ने मतदाताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दुर्ग निवासी एनआरआई लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने रविवार को मध्यप्रदेश के रास्ते रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने हाथों में तख्ती लेकर लोगों को वोट डालने अपील की। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में जितने प्रतिशत वोटों की उम्मीद थी, अपेक्षानुरूप उससे कम मतदान हुआ। हालांकि छत्तीसगढ़ में मतदान का प्रतिशत 70 के करीब रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करने सात समुंदर पार दक्षिण अफ्रीका में रह रहे दुर्ग निवासी संतोष तिवारी घड़ी चौक तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में पहुंचे, जहां वे लोगों से मतदान करने अपील करते रहे।

## स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में आग, मची भगदड़



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में रविवार रात 8.50 बजे शार्ट सर्किट से आग गई, जिसके बाद भगदड़ मच गई। वेटिंग हॉल में मौजूद 20 से अधिक यात्रियों ने भागकर जान बचाई। कुछ यात्री स्टेशन से सीधे बाहर निकले तो किसी ने प्लेटफार्म ही छोड़ दिया। सुरक्षा के लिहाज से प्लेटफार्म के सामने प्लेटफार्म नंबर 1 को कुछ समय के लिए खाली करा दिया गया। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एक महीने पहले ही प्लेटफार्म 7 पर मिल्क पार्लर में आग लगी थी। स्टेशन में आग लगने की यह दूसरी घटना है।
जानकारी के मुताबिक एसी के पास हुए शार्ट सर्किट से वेटिंग हॉल के अंदर आग लग गई। घटना के बाद यात्री अपने परिजनों व सामान के साथ चीखते हुए बाहर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरे वेटिंग हॉल में धुआं भर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसके दत्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल आग बुझाने में जुट गए।

***कोई क्षति नहीं*** *: वातानुकूलित प्रतीक्षालय में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं, कोई भी क्षति नहीं हुई है।*
*- **एसके दत्ता**, प्रभारी निरीक्षक*

# अजीबो-गरीब मामला, जिस युवक को पत्नी ने कमजोर बताया, वह निकला फिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राजधानी में बड़ा ही अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां शादी के दो दिन बाद महिला ने अपने पति पर शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होने का हवाला देकर अपने मायके के थाना क्षेत्र और कोर्ट में विवाह विच्छेद के लिए आवेदन कर दिया और अब इस मामले में तब रोचक मोड़ आ गया जब उल्टे पति ने भी महिला के खिलाफ परिवाद दायर कर अपनी मेडिकल रिपोर्ट पेश कर दी। मेडिकल रिपोर्ट में युवक को पूरी तरह से फिट बताया गया है।

पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाले युवक नवीन कुमार( परिवर्तित नाम) का विवाह बलौदाबजार निवासी मोहिनी (परिवर्तित नाम) के साथ हुआ था। शादी के बाद मोहिनी ससुराल छोड़कर मायके चली गई। यहां पहुंचकर उसने अपने परिजनों को नवीन की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद उसके परिजनों ने इस मामले की शिकायत बलोदाबाजार थाने में करने के अलावा कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल की। इसके बाद नवीन और उनके परिवार वालो को थाने और कोर्ट से बुलावा आया तो वे भी आश्चरुचकित रह गए। नवीन ने पहले मोहिनी के पिछले जीवन के बारे में पतासाजी की। इसके बाद उसने भी मोहिनी और उसके परिजनों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर कर स्वयं का मेडिकल टेस्ट करवाने का आवेदन दिया। कोर्ट के आदेश के बाद उसका मेडिकल टेस्ट मनोरोग विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सक से कराया गया। मेडिकल टेस्ट में उसे मानसिक और शारीरिक रूप से शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम और दांपत्य जीवन निर्वहन के योग्य बताया गया है।

## पुलिस ने जांच कर प्रस्तुत की रिपोर्ट

### युवती ने पहले किया था प्रेम विवाह

नवीन ने जब मोहिनी के पिछले जीवन के बारे में पतासाजी शुरू की तो यह जानकारी सामने आई कि उसने दूसरी जाति के युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। बाद में परिजनों के दबाव में उस शादी को तोड़ दिया और नवीन के साथ सामाजिक रीति रिवाज से विवाह किया। लेकिन मोहिनी और उसके परिवार वालो ने यह बात नवीन तथा उसके परिजनों को नही बताई।



### मेडिकल रिपोर्ट में फिट

युवक ने भी थाने में शिकायत की थी। उसने कोर्ट में परिवाद दायर कर अपना मानसिक और शारीरिक टेस्ट करवाया। इस टेस्ट में उसे क्वालिफाइड डॉक्टर द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं फिट बताया गया है। *-**दुर्गेश रावटे**, टीआई,थाना टिकरापारा*

### पुलिस ने सभी के बयान किए पेश

टिकरापारा थाना पुलिस की ओर से संपूर्ण जांच के बाद कोर्ट में प्रस्तुत प्रतिवेदन में जानकारी दी गई है कि नवीन एवं मोहिनी के द्वारा प्रस्तुत कथन एवं दस्तावेजो के आधार पर बताया गया है कि नवीन शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं कमजोर नहीं है। डॉक्टर की जांच रिपोर्ट के आधार पर नवीन शारीरिक संबंध बनाने एवं दांपत्य जीवन निर्वाह करने हेतु सक्षम है, इसलिए मोहिनी द्वारा नवीन के विरुद्ध शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं कमजोर होने संबंधी लगाया गया आरोप मिथ्या है। मोहिनी एवं उनके परिवार वालों द्वारा मोहिनी के पूर्व में हुए विवाह व उसके विवाह विच्छेद की जानकारी नवीन और उसके परिवार वालों को दिया है कि नहीं इस संबंध में किसी प्रकार का प्रमाण नहीं है।

## अमृत मिशन में 60 हजार घरों में लगाए जाएंगे मैनुअल वाटर मीटर

# खपत के आधार पर जल शुल्क का फार्मूला फिलहाल नहीं, पुरानी दर पर होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में खपत के आधार पर लोगों से जल शुल्क वसूली का फार्मूला अभी लागू नहीं होगा। करदाताओं से पुरानी दर पर ही नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स के साथ साल में एक बार 2400 रुपए की दर से जल शुल्क पूर्व की तरह वसूल करेगा। नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क वसूली योजना को लंबित रखा गया है। जबकि नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहरभर में अमृत मिशन और 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना के तहत 2 अलग-अलग तरह के वाटर मीटर घर-घर लगाए जा रहे हैं।

शहर में पानी की चोरी रोकने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या दूर करने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अलग-अलग योजना में नई पाइपलाइन बिछाकर लोगों के घरों में पीने का साफ पानी पहुंचाने वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं, ताकि अंतिम छोर तक पर्याप्त प्रेशर के साथ नलों के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाया जा सके। नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 60 हजार घरों में निशुल्क वाटर मीटर लगाने, पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने मुंबई की इंडियन ह्यूम पाइप कंपनी को ठेका दिया है, जिसमें वाटर मीटर में पानी की खपत से जल शुल्क लिया जाएगा। प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया, अनुबंधित एजेंसी ने अब तक शहर के अलग-अलग वार्डों में 52 हजार मैनुअल वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है, बाकी के 8 हजार वाटर मीटर जून तक लगा दिए जाएंगे।

### स्मार्ट सिटी 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट में 23 हजार घरों में लगा रहा स्वचालित स्ट्रेटिक वाटर मीटर

#### मैकेनिकल वाटर मीटर की रीडिंग

अमृत मिशन के तहत शहरभर में जो नए वाटर मीटर लगाए गए हैं, वे एक तरह से मैकेनिकल वाटर मीटर है, जिसमें डिब्बा खोलकर रीडर मीटर की रीडिंग की जाएगी, पर अभी तक इसके लिए पानी की खपत के हिसाब से शुल्क तय नहीं हुआ है। 60 हजार घरों में निगम के गिनती के कर्मचारी किस तरह पहुंचेंगे, ये भी एक बड़ा सवाल है। रीडिंग मासिक होगी, तिमाही या सालाना, यह भी तय नहीं ?



#### पहले के मीटर कबाड़, फ्लॉप रहा प्रोजेक्ट

नगर निगम ने 5 साल पहले बाहर की कंपनी को ठेका देकर शहर के अलग-अलग वार्डों के 25 हजार घरों में पानी की खपत जांचने वाटर मीटर लगवाए। इसके नाम पर ठेका कंपनी ने 1500 रुपए से लेकर 2500 रुपए शुल्क वसूली की। न तो उस मीटर की कभी रीडिंग हुई, न पानी की खपत नापने नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे। अलबत्ता घरों में लगाए गए वाटर मीटर जंग लगने से खराब हो गए तो कहीं लोगों ने अनुपयोगी समझकर कबाड़ में बेच डाले। कुल मिलाकर वार्डों में खपाढ मीटर का कोई हिसाब-किताब नहीं है। जबकि 44 करोड़ का ये प्रोजेक्ट 25 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने के लिए लाया गया था। टेंडर कर ठेका एजेंसी चुनी गई थी।

#### जल शुल्क अभी तय नहीं

नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क की वसूली संबंधी दर तय नहीं हुई है। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर सामान्य सभा में भेजा जाएगा। इसके लिए राज्य शासन से मंजूरी लेनी होगी, इसलिए अभी पुरानी दर पर ही जल शुल्क लिया जाएगा।
- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, ननि रायपुर

#### नई दर का अभी प्रस्ताव नहीं

शहर में अमृत मिशन और 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के तहत नए वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। अभी पुरानी दर पर ही लोगों से जल शुल्क की वसूली होगी। नई दर को लेकर फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।
- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, ननि रायपुर

#### 15 वार्डों में ऑटोमेटिक वाटर मीटर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में 15 वार्डों के 23 हजार घरों में स्वचालित चिप सिस्टम वाले वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। यूरोपियन कंपनी जाइलेम से 23 हजार स्ट्रेटिक वाटर मीटर खरीदे जा रहे हैं। पहली खेप में 3 हजार वाटर मीटर और दूसरी खेप में 17 हजार आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर आ गए हैं। इनमें से 2500 नए वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक चिप सिस्टम वाले इस 1 वाटर मीटर की कीमत करीब 15 हजार रुपए है। इस चिप में लगे वाटर मीटर की रीडिंग आसान रहेगी। प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी अमित मिश्रा का कहना है कि बाइक में सवार होकर मीटर रीडर शहर की जिस गली में डिवाइस लेकर जाएगा, उस एरिया में लगे वाटर मीटर की रीडिंग उस डिवाइस पर स्वचालित रूप से हो जाएगी, यानी रीडर को एक-एक घर में जाकर मीटर रीडिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। 15 वार्ड के 23 हजार घरों में इंटर कनेक्शन करने, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाने और चिप सिस्टम वाले स्ट्रेटिक वाटर मीटर लगाने कोल्हापुर की एजेंसी को रायपुर स्मार्ट सिटी ने 130 करोड़ में ठेका दिया है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गंज पानी टंकी और मोतीबाग नई पानी टंकी के कमांड एरिया वाले 15 वार्डों को 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के रूप लिया है।

## चाकू से गला रेतकर हत्या का प्रयास, 3 गिरफ्तार पुलिस ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पुरानी बस्ती क्षेत्र में पांच दिन पूर्व दिया था वारदात को अंजाम

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व युवक की हत्या करने की नीयत से गले तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने जिस क्षेत्र में चाकू से जानलेवा हमला किया था, पुलिस ने उसी इलाके में बदमाशों का जुलूस निकाला। पुलिस के मुताबिक प्रिंस सिंह के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुरानी बस्ती निवासी जगमोहन उर्फ जग्गू साहू, जितेंद्र साहू उर्फ जरहा तथा नम साहू उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पांच दिन पूर्व 1 मई को तड़के साढ़े छह बजे भाठागांव, बीएसयूपी कालोनी निवासी प्रिंस जिम जा रहा था, इसी दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पास तीनों बदमाश आपस में बात कर रहे थे। बदमाशों ने प्रिंस के मामा के साथ हुए पूर्व में हुए विवाद के चलते उसका रास्ता रोककर चाकू से गला रेत दिया। चाकू के हमले से बुरी तरह से आहत जैसे ही वह जमीन पर गिरा। बदमाशों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई करने के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया और फरार हो गए।

## रक्तदान शिविर में 43 लोगों ने दिया ब्लड



**रायपुर।** रक्तदान जीवन दान से कम नहीं, इस उक्ति को छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने अपने कार्यशैली में उतारा है। सभा की युवा विंग ने रविवार को पंजाब केशरी भवन जोरा में थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें हर उम्र के प्रतिभागी शामिल हुए। युवा, महिलाओं और वरिष्ठजनों ने स्वस्फूर्त होकर रक्तदान कर अनुकरणीय कार्य किया। कोषाध्यक्ष नीरज सेठी ने 65वीं बार रक्तदान कर लोगों को अचंभित कर दिया, वहीं आशीष अहलूवालिया ने उत्साह के साथ 51वीं बार रक्तदान कर इस नेक काम में हाथ बंटाया।

## एनजीटी ने तालाब, नदी नहर पर कब्जों का हिसाब और कार्रवाई का मांगा ब्योरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ पत्र
- सात दिनों में देनी होगी जानकारी

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से प्रदेश के सभी तालाबों, नदी, नहरों पर किए गए अतिक्रमण, अवैध कब्जों का ब्योरा मांगा है। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। साथ ही ये भी पूछा गया है कि अगर कब्जे हैं तो उन्हें कब तक हटाया जाएगा।


बताया गया है कि एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल और संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी कर यह जानकारी देने कहा था। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों, जलाशयों में अतिक्रमण तथा अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी की गई कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए एक प्रोफार्मा तैयार किया है। इसमें जिले तथा निकाय के नाम के साथ वॉटर बॉडी का नाम, तालाब, नदी, नहर, क्या है तथा उस पर अभी अतिक्रमण है या नहीं, इसकी जानकारी देने कहा है। इसी जानकारी में ये भी बताना है कि यदि अतिक्रमण किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त कब किया जाएगा।

### देनी होगी ये जानकारी

ये जानकारी देनी है कि तालाब का नाम क्या है। राजस्व दस्तावेज में उसका रकबा और क्षेत्रफल कितना है। तालाब के अक्षांश-देशांश की जानकारी सहित बताना है कि वर्तमान में तालाब पर अतिक्रमण है या नहीं। यदि अतिक्रमण है तो हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई। कब कार्रवाई की गई। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो ये बताना होगा कि कब तक कार्रवाई करके तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों से कहा है कि प्रोफार्मा के हिसाब से जानकारी देने के लिए राजस्व, भू- अभिलेख से सत्यापन के बाद सात दिनों के अंदर ये जानकारी भेजी जाए।

## राजधानी में जलसंकट दर्जनभर मोहल्लों में नलों की धार पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर में पारा 44 डिग्री पहुंचते ही कई इलाकों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। वामनराव लाखे वार्ड के आधा दर्जन मोहल्लों में 4 दिनों से नलों की धार पतली होने से लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर, विनोबा भावे नगर, वाल्मीकि नगर और आदर्शनगर में पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि लोग पानी के लिए तरस गए। इन इलाकों में शाम के समय मात्र 10 मिनट के लिए हल्की धार के साथ पानी आया। वार्ड पार्षद मन्नू-विजेता यादव ने जोन-5 कमिश्नर से इसकी शिकायत की है। इसी तरह शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड टिकरापारा स्थित नूतन हाईस्कूल एरिया, सुदामा नगर बस्ती, यादव पारा में पानी की किल्लत से लोग परेशान रहे। एक तरफ जहां शहरवासी तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े से परेशान हैं, वहीं गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत ने उन्हें परेशान कर दिया है। नगर निगम जोन-5 के वामनराव लाखे वार्ड के हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर, विनोबा भावे नगर, वाल्मीकि नगर और आदर्शनगर में 4 दिनों से नलों में पानी आने से जलसंकट की स्थिति बनी हुई है।

## आचार संहिता में अटका गरीबों का 'आशियाना' अब लोकसभा चुनाव के बाद खुलेगी लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दो महीने से खुद का आशियाना पाने आवेदक कर रहे इंतजार

नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले गरीब व मध्यमवर्गीय ऐसे परिवार, जो सालों से शहर में किराए के मकान में बतौर किरायेदार अपना जीवन बिता रहे हैं। उन्हें अब खुद के नाम से सिर छिपाने का ठिकाना मिलेगा। किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना में 2 हजार आवेदकों के फ्लैट के आवंटन की लॉटरी गांधी सदन में चुनाव के बाद निकाली जाएगी। इन आवेदकों ने रायपुरा, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन किए थे। पात्र होने के बाद प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपए उन्होंने जमा करा दिए हैं।

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना अंतर्गत शहर के 6 अलग-अलग निर्मित 2 हजार आवासों के आवंटन के लिए लॉटरी लोकसभा चुनाव के बाद निकाली जाएगी। पिछले 2 माह से इंतजार कर रहे हजारों आवेदकों को प्रक्रिया पूरी होने के बाद किरायेदारी से मुक्ति मिलेगी और मकान मालिक बनने का मौका मिलेगा। नगर निगम रायपुर की योजना शाखा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक में किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत राजधानी के रायपुर, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे, जिसमें दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन कर प्रथम किस्त के रूप में उनसे 35 हजार रुपए जमा कराए थे। बाकी राशि हितग्राही को बैंक फाइनेंस के माध्यम से या कैश जमा कराने का विकल्प दिया गया।

### चुनाव के बाद निकालेंगे लॉटरी

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के तहत 2 हजार ईडब्ल्यूएस के रिक्त फ्लैट आवंटन की लॉटरी चुनाव के बाद निकाली जाएगी। 6 लोकेशन पर आवेदकों से मिले ऑनलाइन आवेदनों की पड़ताल के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है।
- **राजेश शर्मा,** नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी घटक

## हल्ला मचते ही एसीएस ने ली सुध, समस्या से निपटने रीएजेंट की इंटर कॉलेज ट्रांसफर व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जांच नहीं होने से निराश आंबेडकर अस्पताल से मरीजों के लौटने के मामले में विभागीय अफसरों ने ध्यान दिया है। री-एजेंट की दिक्कत तत्काल दूर करने के लिए इंटर कॉलेज ट्रांसफर की व्यवस्था बनाने कहा गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस मामले में मेडिकल कॉलेज, आंबेडकर अस्पताल तथा डीके अस्पताल के डॉक्टरों की बैठक ली। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय से री-एजेंट की दिक्कत है। इसकी वजह से आने वाले मरीजों को सामान्य तरीके की सीबीसी, आरएफटी-एलएफटी टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इलाज जरूरी होने पर मरीजों को निजी लैब में जाकर टेस्ट कराना पड़ रहा है। मामले का हल्ला मचने के बाद रविवार को विभागीय स्तर पर समस्या दूर करने समन्वय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एसीएस मनोज पिंगुआ ने उपचार को अति आवश्यक सेवा बताते हुए री-एजेंट की कमी दूर करने के निर्देश दिए हैं। तत्काल राहत के लिए अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन स्थानांतरण व्यवस्था अपनाते हुए दूसरे कॉलेज से री-एजेंट एवं कंज्यूमेबल की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके लिए अन्य शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से री-एजेंट की जानकारी लेने निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उनके साथ विशेष सचिव स्वास्थ्य चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू, डीके अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक शिप्रा शर्मा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

### सीजीएमएससी को हिदायत

बैठक के दौरान सीजीएमएससी के अफसरों को हिदायत दी गई है कि मेडिकल कॉलेजों से आने वाले इंडेक्स के आधार पर जरूरी सामान की आपूर्ति के लिए तेजी से प्रक्रिया पूरी की जाए। अभी आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र व्यवस्था बनाई जाए।

## कागजों में सिमटा रेलवे का फाटक जागरूकता अभियान


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- एक्ट में पांच साल की सजा, लेकिन कार्रवाई करने नहीं बना सिस्टम

रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को रोकने व फाटक पार करते समय सावधानियां बरतने के लिए इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन हकीकत में फाटक बंद होने के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर दोपहिया वाहन फाटक से पार कराते दिखते हैं। ऐसे लोगों को न अपनी जान की परवाह है, न ही रेलवे की कार्रवाई और एक्ट के तहत सजा का डर। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला, मंडल व जोन द्वारा फाटक जागरूकता दिवस मनाने हर साल हजारों रुपए पोस्टर व बैनर पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। रेलवे अभी तक सिस्टम ही नहीं बना पाया है, जबकि लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद और खोलते समय बूम क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में रेल अधिनियम की धारा 154 के तहत एवं बंद गेट को क्षतिग्रस्त करने की स्थिति में रेल अधिनियम की धारा 160 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। एक्ट में पांच साल तक की सजा भी हो सकती है।

खबर संक्षेप



## कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**महासमुंद।** एक कार की टक्कर से बाइक में सवार 3 लोग घायल हो गए। तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई इस घटना में आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी चंद्रशेखर साहू पिता जनकराम साहू निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी ने पुलिस को बताया कि 3 मई को मेरे भांजे दक्ष साहू एवं मोक्ष साहू को अपनी मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर प्लस क्र सीसी 22 एस 4345 में बिठाकर महासमुंद जाने के लिए निकला था। सुबह करीब 7.10 बजे तुमगांव से समोदा रोड एकलव्य स्कूल के सामने ग्राम भोरिंग पहुंचा था कि तुमगांव की ओर से आ रही कार क्र सीजी 22 पी 5567 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मुझे दाहिने पैर के पंजे में, दक्ष साहू और मोक्ष साहू के दाहिने पैर में चोट लगी है। तुमगांव पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज करते हुए जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के निर्देशन व महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में एनआरएलएम के महिला समूह द्वारा पूरे जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए रंगोली, शपथ ग्रहण, नारा लेखन के माध्यम से जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वसहायता समूह के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव में किशोरियों के साथ बैठक कर बाल विवाह की जानकारी देते हुए स्वयं एवं समाज में बाल विवाह पूर्णतः बंद करने के शपथ ले रहे है। साथ ही रंगोली व नारा लेखन के माध्यम से भी गांव के लोगों को समाज में व्याप्त बुराई को मिटाने एवं विवाह की उम्र हो जाने पर ही विवाह करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे है। यह अभियान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने में आगे बढ़ाएगा। कानूनी रूप से विवाह करने की उम्र अभी लड़कियों की 18 वर्ष एवम लड़कों को 21 वर्ष तय है, जिसका सभी को अनुपालन करना है। निर्धारित उम्र में या उसके बाद ही विवाह करने के लिए शासन प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इस कानून के विरुद्ध जाने पर कार्रवाई का प्रावधान भी है।



इस पूरे अभियान को आगे बढ़ाने के लिए महासमुंद जिले के यूनिसेफ के जिला सलाहकार ऋषभ तिवारी की अहम भूमिका रही है।

### शिविर में 31 मरीजों का किया उपचार, शिक्षक-पालकों को दी गई समझाइश

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 31 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम के समय मानसिक तनाव को कम करने के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैंप में आए छात्र-छात्राओं को काउंसिलिंग भी कराया गया। पालकों व शिक्षक को समझाइश दी गई कि पढ़ाई में अत्यधिक जोर ना दें, रिजल्ट कम या ज्यादा अंकों से चूक जाते हैं तो उनको सामान्य व्यवहार करें, बल्कि उनके होने वाले तनाव को कम करें, दोस्ताना व्यवहार करें। आगे की पढ़ाई के लिए उन्के रूचि गत विषय को ध्यान में रखते हुए विषय का चयन करने दें। कई बच्चों में यह भी देखा गया है कि पढ़ाई के लिए बार-बार स्कूल को स्थानांतरित ना करें। अगर घर में रह कर पड़ना चाहते है तो बाहर दूरस्थ स्थान ना भेजें, मानसिक तनाव आत्महत्या जैसे कदम उठाने का प्रयास करते है तो उन्हें रिलेक्स सेशन कराए, समय का प्रबंधन करें, हल्का व्यायाम, ध्यान, योग, खेल करने के लिए प्रेरित करें। अभी तनाव को कम करने व आत्म घाती जैसे कीटनाशक को हटा दें, ब्रीथिंग एक्सरसाइज, इंडोर आउट डोर गेम, योग, मेडिटेशन से बताया गया। बच्चों को बारी-बारी से बुलाकर मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ विजय आनंद कोसरिया बीएम ओ सराईपाली, डॉ वर्षा सतपती, शीतल सिंह बीपीएम, टीआर घृतलहरे बीईओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से राम गोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्त्ता, टेकलाल नायक का सहयोग रहा।



# इको क्लब और वनस्पति शास्त्र विभाग ने पारिस्थितिकी तंत्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल डी लिट के निर्देशानुसार महाविद्यालय की समस्त गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिनके अंतर्गत इको क्लब समिति बनाई गई है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य निष्पादित करती है। महाविद्यालय के इको क्लब के डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक संयोजक, डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक, सीमा रानी प्रधान, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी सदस्य एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापकों एवं समस्त विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की गई। जिसके अंतर्गत पारिस्थितिक तंत्र का निरीक्षण किया गया।

पारिस्थितिकी तंत्र में उत्पादक, प्राथमिक उपभोक्ता, द्वितीयक उपभोक्ता, तृतीयक उपभोक्ता एवं अपघटन की क्रियाएं संचालित होती हैं। महाविद्यालय ग्राम मचेवा में स्थापित है।

अतः ग्राम मचेवा की वनस्पतियों, जलीय पौधों एवं स्थलीय वनस्पति के पारिस्थितिकी तंत्र तथा तालाबों का निरीक्षण समिति, प्राध्यापकों एवं 50 विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र एवं संयोजक इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वनस्पति निरीक्षण में सूक्ष्म से सूक्ष्म निरीक्षण आवश्यक है और निरीक्षण से पता चलता है कि पौधे पर्यावरण प्रदूषण को सूचित करते हैं और पौधे पर्यावरण में आने वाले परिवर्तन की भी सूचना प्रदान करते है। निष्कर्ष स्वरूप कहा गया कि ग्राम मचेवा की जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में किस प्रकार से परिवर्तन पाया जाता है उसका अध्ययन किया गया एवं उनमें पाए जाने वाले औषधीय वनस्पतियों का भी अध्ययन कर विद्यार्थियों को बताया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले विभिन्न पौधों एवं वृक्षों की विस्तृत अध्ययन करते हुए पर्यावरण पर प्रभाव एवं उसके आर्थिक महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जैसे छिन, आम, नीम, जामुन, बबुल, बहेड़ा, नीलगिरी, डूमर, बरगद, पीपल आदि आर्थिक विशेषताओं के पौधे एवं वृक्ष जलीय पौधे जैसे कमल, हाइड्रिला, निफिनिया, पोटेमोजेटान, यूट्रीकुलेरिया, साल्विनिया जैसे जलीय और दलदली पौधे जो वास्तव में पर्यावरण और वातावरण के लिए आवश्यक है। पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए जलीय स्तर पर पाए जाने वाले पौधों को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। ताकि, पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभाग के रश्मि चंद्राकर, श्रुति साहू, नीलम बारीक, शशि, पुष्पा, मंगलू आदि विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।



### पालना घर में समर कैम्प शुरू

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पालना घर (मोर दाई के कोरा) में सोमवार से 3 से 10 साल तक के बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास तथा साथ ही मनोरंजन के लिए ड्राइंग व जुंबा डांस जैसे गतिविधियां कराई जा रही है, कोई भी पालक अपने बच्चों को पालना घर के समर कैंप में भेज सकते हैं। यह समर कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित किया जाएगा।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सक्रियता से भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत:राकेश

## सभी 11 सीटें जीतकर विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा बनाएगी इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान और प्रजातंत्र के इस महापर्व को लेकर प्रदेश की जनता उत्साहित हैं। प्रदेश के सभी 11 सीटों पर पूर्ण बहुमत से कमल खिलने वाला है। प्रदेश सहित देश में प्रचंड मतों से भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है। उक्त वक्तव्य भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कही। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश भर से जिस तरह संभावनाएं दिख रहे हैं, लगातार होती रही चुनावी सभाओं में जैसी भीड़ उमड़ी, जिस तरह माताओं-बहनों का स्नेह दिख रहा था, उससे यह तय हो गया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा पूरी की पूरी ग्यारह सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी इतिहास बनाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ समेत सभी राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं हुई, जिससे भाजपा के पक्ष में और अधिक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारियों की सक्रियता से पार्टी के पक्ष में बेहतर माहौल बना है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की मोदी गारंटियों को पूरा करने का संदेश जनता तक ले जा पाने में सफल हुई है। जिसका सकारात्मक परिणाम 4 जून को दिखाई देगा।

चंद्राकर ने कहा कि देशभर में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने नकारात्मकता और दुष्प्रचार, बदजुबानी की सारी सीमाएं लांघ दी। विशेषकर छत्तीसगढ़ में। छग की सभ्यता और संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रशंसित चर्चित है। वहां पर कांग्रेस ने जिस तरह का झूठ, दुष्प्रचार और शालीनता की सीमा पार की, उसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इंडी गठबंधन व कांग्रेस द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार का जवाब जनता देने को तैयार है।

# प्रगतिशील सतनामी समाज सुअरमाल परिक्षेत्र का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के बैनर में समाज को संगठित करने की मुहिम के तहत सुअरमाल परिक्षेत्र के बंधापार, भटगांव, सेनभांठा, देवरी, बांसकांटा, सरायपाली, खेमड़ा, खुर्सीपार,सिमगांव, छिबर्रा के समाजजनों व जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, बागबाहरा ब्लॉक सरंक्षक डोमन टंडन, कोमन टंडन बीआरसीसी, सहसचिव भोजनाथ मधुकर, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, यूथ जिलाध्यक्ष तरुण व्यवहार, सचिव तेजराम चौलिक, फनेंद्र बंजारे की उपस्थिति एवं बागबाहरा ब्लॉक कार्यकारिणी के नेतृत्व में बैठक सुअरमाल के सामाजिक भवन में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए खोशिल गेंड्रे, डोमन टंडन, केवल टंडन ने समाज को संगठित रहने, रुढ़िवादी प्रथा खत्म कर सतनाम संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली में बदलाव लाने का आह्वान किया। तरुण व्यवहार व भोजनाथ मधुकर ने युवाओं को नशा पान से दूर रहकर छोटे छोटे धंधा से शुरुआत करते हुए स्व रोजगार पर ज्यादा ध्यान देने की अपील के साथ सामाजिक कार्यों में जुड़ने के लिए कहा। राजेश रात्रे, फनेंद्र बंजारे ने साधन संपन्न व नौकरी पेशा समाजजनों से मासिक अंशदान के रूप में मेघावी गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में पे बैक सोसायटी में जमा करने की निवेदन किया। तेजराम चौलिक द्वारा प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नियमावली उद्देश्य को विस्तृत रुप से बताया गया। जिसके बाद उपस्थित समाजजनों द्वारा सुअरमाल परिक्षेत्र का गठन कर सोहन खुंटे भटगांव को अध्यक्ष व 4 उपाध्यक्ष पद पर बुधारु महिलाने सरायपाली, हेमलाल निराला बांसकांटा , मोहनदास निराला छिबर्रा, नोहर दास टंडन बंधापार , सचिव कामता पुरैना देवरी, सहसचिव तेजनलाल टंडन बंधापार, कोषाध्यक्ष रतनू बघेल भटगांव, मीडिया प्रभारी वोल्टराज टंडन तथा कार्यकारिणी सदस्य में धनेष टंडन, धनेश्वर नारंग, बिसाहू राम मार्कंडेय, रेशम निराला, बृजलाल मार्कंडेय, सेवा बघेल, राजाराम टंडन रजऊ राम, थनवार को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से चिंता साय ब्लॉक अध्यक्ष, कार्तिक राम भारद्वाज सचिव, डॉ रामकुमार गायकवाड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजाराम, धनेश्वर, थनवार, शीतल कुमार टंडन, बृजलाल,बुधारु, गजानंद, दिलराम, हेतराम टंडन उपस्थित रहे।



सोहन खुंटे अध्यक्ष, सचिव बने कामता पुरैना

# श्रीमद भागवत कथा में सुनाया कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में स्व. मनीष कन्नौजै की स्मृति में भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित कुलभूषण तिवारी ने श्रद्धालुओं को कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासनारहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया।

माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां कृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। भागवत महापुराण कथा आयोजन में गोकुल सोनकुमारी कन्नौजै, राजेश्वरी कन्नौजे, जय विजय कन्नौजे, फणीश्वर कन्नौजे, आरती कन्नौजे, क्रांति कन्नौजे, शीला कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, कलिंद्री कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, शकुन कन्नौजे, तुषार कन्नौजे, विधान कन्नौजे, रामेश्वरी पोषण कनौज, हेमलता कन्नौजे, हरिशंकर कन्नौजे सभी लोगों ने जुटे हुए हैं।



# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में समर कैंप प्रारंभ

## 6 मई से 22 मई तक प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक चलेगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**समर कैंप में बच्चे सीखेंगे संगीत, योग, डांस, जुम्बा, पेंटिंग**

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में 6 मई से 22 मई तक चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य अमी रूफस एवं प्रमोद कुमार कन्नौजे द्वारा किया गया। गर्मी की छुट्टियों में छात्रों को व्यस्त रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन संस्था की ओर से किया जा रहा है। समर कैंप के लिए 06 मई से 22 मई तक का टाइम टेबल बनाया गया है, जिसके अनुसार प्रत्येक दिवस अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जाएगी।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार 06 मई को डांस, जुंबा, पर्सनाल्टी डवलपमेंट, 07 मई को सींगिंग, वैदिक मैथ्स ट्रिक्स, 8 मई को डांस, जुंबा, मिट्टी से खिलौने आदि बनाना, 09 मई को सींगिंग, फंडामेंट्स आफ कंप्यूटर, 13 मई को साइंस गेम्स एवं डांस, पेंटिंग, मेंहदी, 14 मई को अबेकस, सींगिंग, पेपर आर्ट, पेपर क्राफ्ट, 15 मई को डांस, जुंबा, सुडोकू, 16 मई को डांस जुंबा, फाइनेंसियल लिट्रेसी, 17 मई को सींगिंग, स्टोरी टेलिंग, फन गेम्स, 20 मई को गार्डनिंग, सींगिंग, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, 21 मई को सींगिंग, डांस जुंबा, 22 मई को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज छात्रों को डांस, जुंबा, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट बताया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था के शिक्षक नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, श्रुति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक, ऋतुराज देवांगन, मनीषा कन्नौजे, अंजू चंद्राकर, अंजलि कहार, प्रखर साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, हेमलाल चक्रधारी, प्रेम यादव, रिसोर्स पर्सन हर्ष परमार को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहे हैं। प्राचार्य ने छात्रों को निर्धारित समय पर स्कूल में आकर समर कैंप का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विकास यादव सहित मदन कौशिक, शनिदेव सिंह ठाकुर, तेजेश्वरी, मोहन, झम्मन, प्रकाश उपस्थित रहे।

### सिवनीकला में एक दिवसीय रामचरितमानस सम्मेलन आज

**कोमाखान।** ग्राम सिवनीकला में तुलसी के संदेश मानस परिवार व ग्रामीणों के सहयोग से 7 मई को रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम संध्या 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। सम्मेलन में पांच मानस मंडलियां मंचासीन होंगे। ग्राम पंचायत सिवनीकला सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू, उपसरपंच टिकेश्वर साहू, गांव के मुखिया मान सिंह साहू, ग्राम समिति सचिव हुमेश्वर ध्रुव, डाकेश्वर निषाद, बालेश्वर यादव, दयालाल साहू, घनश्याम साहू, श्रीराम साहू, पवन ठाकुर, विजय ध्रुव, अनुक्रम निषाद, घनश्याम साहू, सोनसिंह ध्रुव, नैनसिंह ध्रुव समेत ग्रामीणजन कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### ओटीपी पूछकर किसान और उसकी पत्नी के बैंक खाते से उड़ाए 4 लाख रुपए से ज्यादा

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरा में एक किसान से ओटीपी पूछकर खाते से रकम पार करने का मामला सामने आया है। अज्ञात शख्स ने किसान और उसकी पत्नी के 3 बैंक खातों से 4 लाख से ज्यादा की रकम पार कर दी। करीब एक साल पहले हुई इस घटना में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पिथौरा थाने में प्रार्थी चंद्रशेखर पटेल पिता जीवनलाल पटेल निवासी धनोरा ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे साथ आरोपी मोबाईल नं 9864200279, 9693897121 के धारक द्वारा नो ड्यूस सेटलमेंट के नाम पर ओटीपी पूछकर 439497 रुपए की धोखाधड़ी की गई है। प्रार्थी पटेल ने पुलिस को बताया कि मैने किसानी कार्य के लिये एचडीएफसी बैंक से केसीसी लोन रकम 23 लाख रुपए लिया था।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# संस्था, पाठ्यक्रम व सत्र परिवर्तन की 10 तक मांगी गई जानकारी

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2023-24 अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, पाठ्यक्रम सत्र परिवर्तन एवं तीनों परिवर्तन संबंधित विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने उक्त जानकारी निर्धारित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में 10 मई 2024 दोपहर 03 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुंद में उपलब्ध कराने कहा है। उक्त तिथि तक जानकारी जमा नहीं होने की स्थिति में योजना का लाभ से विद्यार्थी द्वारा वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख/विद्यार्थी स्वयं जवाबदार होंगे।

### बदली से मिली मामूली राहत पर उमस से बढ़ी परेशानी

**महासमुंद।** जिले सहित क्षेत्र में सोमवार सुबह से आंशिक बादल छाए रहने से लोगों को तीखी धूप से तो मामूली राहत मिली पर उमस से लोग बेहाल रहे। वहीं कुछ देर बाद फिर मौसम ने करवट ली और प्रचंड धूप से एक बार फिर लोगों को तेज गर्मी का अहसास हुआ। इधर, मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और अंधड़ चलने की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। वहीं एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इससे आज सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहे। एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### कुंडी तोड़कर नकदी समेत 1.95 लाख के जेवरात की चोरी

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम केरामुड़ा में अज्ञात ने मकान के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर से नकद 35 हजार, सोने-चांदी के आभूषणों सहित अन्य सामान कीमती 1 लाख 95 हजार रुपये पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार केरामुड़ा निवासी अरूण कुमार बेहरा का स्वास्थ्य ठीक न होने से लगभग 15 दिन पूर्व मकान में ताला लगाकर ईलाज कराने बलांगीर ओडिशा गया है। रविवार सुबह उनके बड़े भाई ने देखा कि अरूण बेहरा के मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जिसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। जब घर अंदर जाकर देखा तो कमरों का ताला भी टूटा हुआ तथा सामान बिखरा हुआ था और आलमारी भी खुली हुई थी। चोरी की आशंका होने पर नीलाबंर ने छोटे भाई अरूण को इसकी सूचना दी। अरूण की पत्नी शोभा बेहरा ने बताया कि आलमारी में सोने का हार, टाप, नथनी पुरानी इस्तेमाली (वजनी करीब 25 ग्राम) और चांदी की पैरपट्टी पांच जोड़ी, कमरपट्टी एक नग पुरानी इस्तेमाली वजनी (करीब 170 ग्राम) और नकदी 35 हजार रुपए रखा था। पर नीलाम्बर द्वारा तलाशने पर उक्त ज्वेलरी सामान, नकदी व एलईडी टीवी भी नहीं थी। उक्त सामानों की कुल कीमत नकदी सहित 1.95 लाख गायब मिला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पांच दिन बाद भी कार्रवाई नहीं, प्रदर्शन की चेतावनी

**महासमुंद।** जनप्रतिनिधि पर हुए हमले के पांच दिन बाद भी बरबसपुर रेत खदान में न तो नियम विरुद्ध उत्खनन रुका न परिवहन। अंततः जनपद अध्यक्ष ने बरबसपुर रेत खदान में नियम विरुद्ध हो रहे उत्खनन और परिवहन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होनें न्यायसंगत कार्रवाई नही होने की दशा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।
सोमवार को जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में शासन और उत्खनन नियमों विरूध्द रेत खनन करने वाले रेत माफियाओं पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल अवैध रेत खनन और परिवहन पर विराम लगाया जाए। साहू ने बताया है कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में नियम विरूध्द रात्रि के समय और मानव श्रम का उपयोग करने की बजाय जेसीबी लगाकर रात भर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत लगातार खनिज विभाग के अफसरों को मौके से किए जाने के बाद भी आज पांच दिन बीत चुके लेकिन, अब तक कोई अफसर झांकने तक नही पहुंचा। इस मामले में आम जनता ने भी जनप्रतिनिधियों से उपरोक्त अवैध खनन बंद करने की शिकायत की हैं।

### शराब बेच रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कवरपाली में शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र कुमार बरिहा पिता कीर्तिलाल (43) के पास से 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 4500 रुपए तथा आरोपी महेश बरिहा पिता हरिहर (34) के कब्जे से 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 4500 रुपए को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# गर्मी ने दिखाए अपने तेवर, गर्म हवाओं से तप रही है वैशाख की दोपहरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बैसाख के गर्मी ने सभी को हलाकान कर दिया है। लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में आराम। सुबह 09 बजे के बाद सुरज आग उगलने लगती है, गर्म हवाओं व लू के थपेडों से लोगों के दिनचर्या बदल दी है। रात में भी वातावरण गर्म रहता है, जिसके कारण लोगों को रात में आराम नहीं मिल पा रहा है। तेज गर्मी के चलते सुबह 09 बजे के बाद लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया है। पंखा व कुलर से भी पर्याप्त राहत नहीं मिल रही है, वैसे तो गर्मी इस बार मार्च माह में ही शुरू हो गई थी। लेकिन अप्रैल माह से सुरज ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है।

## सुबह से देर शाम तक सिर्फ गर्म हवा के थपेड़ो से लोग परेशान, सड़कों में सन्नाटा

### लू से बचने के लिए सावधानी बरतना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग मैनपुर के बीएमओ डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव ने कहा कि लू से बचने के लिए सावधानी बरतना जरूरी है। खाली पेट न निकले और ज्यादा से ज्यादा पानी पीए, तरबूज जैसे फलों का सेवन करें। नींबू पानी, खानपान का विशेष ध्यान रखें। हल्का और सुपच्य भोजन करें और जब घर से निकले तो सिर और कान को अच्छी तरह ढ़ककर निकले। धूप से घर आने पर तत्काल फ्रीज का ठंडा पानी न पीये।



### लोग गर्मी से राहत पाने ठंडा पेय पदार्थ का ले रहे है सहारा

पिछले 3-4 दिनों से मैनपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त -व्यस्त हो गया है। तेज धूप और गर्मी बढ़ने से लोगों की मुश्किले बढ़ गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। गर्मी से लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है और इससे राहत पाने के लिए लोग ठंडा पेय पदार्थ का सहारा ले रहे हैं। तो वहीं बिजली विभाग कहर बरपा रहीं है। कभी भी किसी भी समय बिजली बंद हो जा रही है। जिससे पंखा कूलर नहीं चलने के कारण लोगों का हाल बेहाल है।

अब मई में गर्म हवाए भी चलने लगी है, आज नगर का तापमान अधिकतम 42 डिग्री सेल्सियस पार कर दिया है। स्थिति यह है कि दोपहर होते ही सड़क सुनसान होने लगे है। गांव की गलिया भी वीरान नजर आती है, भारी गर्मी और तीखा धूप से लोग बेहाल हो गये गए हैं। पिछले एक सप्ताह से मैनपुर क्षेत्र में भारी गर्मी और तेज धूप पड़ रही है। दोपहर 12 बजे के बाद सड़को में सन्नाटा पसर जा रहा है। वहीं ज्यादा आवश्यक कार्य वाले ही पूरी सावधानी के साथ मोटरसायकल में सफर करते दिखाई दे रहे हैं। बसों में यात्रियों की हालत बेहद खराब हो गई है। नगर सहित क्षेत्र में दोपहर के बाद सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्मी और उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया है।

## खरीदी : 66 हजार संग्राहकों ने 32 करोड़ 45 लाख रूपये के तेन्दूपत्ता का कर चुके हैं संग्रहण

# 70 समितियों में 59 हजार 7.64 मानक बोरा तेन्दूपत्ता की अब तक हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के वनोपज में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला तेन्दुपत्ता का संग्रहण कार्य इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रहा है, भीषण गर्मी और तेज धुप के बावजूद तेन्दुपत्ता संग्रहण को लेकर संग्राहकों के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है, छत्तीसगढ़ में हरा सोना के नाम से पहचाने जाना वाला तेन्दुपत्ता अब संग्राहकों को ज्यादा मुनाफा देने वाला है। क्योंकि छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार ने प्रति मानक बोरा इसकी कीमत बढ़ाई है, साथ ही तेन्दुपत्ता संग्राहक परिवार को परिश्रमक के अतिरिक्त बोनस, बीमा, समेह कई योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जिसके कारण तेन्दुपत्ता संग्रहण को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गरियाबंद वनमंडल के 70 समितियों में सोमवार की स्थिति में 59 हजार 7.64 मानक बोरा तेन्दुपत्ता की खरीदी कि जा चुकी है। 66 हजार संग्राहकों ने 32 करोड़ 45 लाख रूपये के अधिक के तेन्दुपत्ता का विक्रय किया है, इस वर्ष के लक्ष्य के 71 प्रतिशत तेन्दुपत्ता की खरीदी आज की स्थिति में किया जा चुका है, मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिला अंतर्गत देवभोग वन परिक्षेत्र की समितियों में तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य 28 अप्रैल से तथा गरियाबंद, धवलपुर, नवागढ़, परसुली एवं छुरा, मैनपुर, तौरेंगा एवं कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र की समितियों में 1 मई से प्रारंभ हो चुका है, जिला यूनियन गरियाबंद का संग्रहण वर्ष 2024 में तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य 83000 मानक बोरा रखा गया है।

### खरीदी केंद्रों में पानी की व्यवस्था करने की मांग

इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए तेन्दुपत्ता खरीदी केंद्र फंडों में पेयजल की व्यवस्था की मांग संग्राहकों ने किया है। संग्राहकों ने बताया कि सुबह से तेन्दुपत्ता संग्रहण करने के लिए चले जाते है और दोपहर तक तेन्दुपत्ता को तोड़कर घर लाकर उसे गड्डी बनाकर संग्रहण केन्द्र ले जाते है लेकिन कई संग्रहण केन्द्रों में पानी की व्यवस्था नहीं है। गरियाबंद वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह से तेन्दुपत्ता संग्राहकों ने मांग किया है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए संग्रहण केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था किया जाये।



### अफसरों का तेन्दूपत्ता खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण जारी

उप प्रबंधक संचालक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि संपूर्ण वनमण्डल के समस्त 70 समितियों हेतु अग्रिम में क्रेता नियुक्त किए है, फड़ों पर जिला कार्यालय एवं वन विभाग के समन्वय से फड़ अभिरक्षक, जोनल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है, और लगातार वन विभाग के अफसरों के द्वारा तेन्दुपत्ता खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने बताया कि खरीदी से पहले मौसम में उतार चढाव देखने को मिल रहा था लेकिन इस वर्ष मौसम ने बेहतर अब तक साथ दिया है, जिसके कारण 71 प्रतिशत तेन्दुपत्ता की खरीदी की जा चुकी है, 70 समितियों के 560 खरीदी केन्द्रों में तेन्दुपत्ता की खरीदी किया जा रहा है।

### जिलाध्यक्ष ने खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला वनोपज युनियन के गरियाबंद अध्यक्ष कल्याण सिंह कपील, डागे"वर ओंटी, मंशाराम बिसेन, संचालक सदस्य तरूण नाग ने आज कई खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया और संग्राहकों से चर्चा किया संग्राहकों से अपील किया है कि बेहतर पत्ता का संग्राहण करे जिससे ज्यादा से ज्यादा शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

### तेन्दूपत्ता संग्राहक परिश्रमिक 5 हजार 500 रूपये प्रति मानक बोरा

शासन द्वारा वर्ष 2023 के तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रूपये में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रूपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है, जिसका विभाग द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है, संग्रहण दर में हुई इस वृद्धि से आम संग्राहकों में अत्यंत उमंग एवं उल्लास का माहौल है, संग्रहण लक्ष्य अनुसार इस वर्ष जिले में संग्रहण पारिश्रमिक की राशि 45.65 करोड़ रूपये का भुगतान किया जावेगा, जिसके तहत जिले में लगभग 66000 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार लाभान्वित होंगे। वर्ष 2024 अंतर्गत वन परिक्षेत्र के प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित मोंगरा समिति सबसे अधिक दर 10 हजार 675 रूपये प्रति मानक बोरा की दर पर विक्रय हुआ है, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक के अतिरिक्त बीमा तथा शिष्यवृत्ति योजना, बोनस का लाभ मिलता है, वनमण्डलाधिकारी द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहको से अपील की गई है कि अच्छी गुणवत्ता युक्त तेन्दूपत्ता ही फड़ों पर लावें एवं जिन संग्राहको के द्वारा ऑनलाईन सर्वेक्षण नहीं कराया गया है वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में प्रबंधकों /फड़मुंशी के माध्यम से संपर्क कर ऑनलाईन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करावें, प्रत्येक संग्राहक परिवार द्वारा कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता का संग्रहण अवश्य किया जावे ताकि उन्हें शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

## 70 प्रतिशत किसानों की धान फसल पककर खेतों में तैयार, कटाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रबी सीजन में धान फसल लेने वाले 70 प्रतिशत किसानों की धान फसल पककर खेतों में तैयार है। खेतों में अर्ली वैराइटी के रूप में तैयार धान की किस्म आइआर 64, 1001 धान की कई किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी है। अंचल के ज्यादातर किसान रबी सीजन में धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन एवं चैन पुलिंग मशीन से कर रहे हैं। धान कटाई करने गांव गांव में हार्वेस्टर मशीन अन्य राज्य से आए हुए हैं। हार्वेस्टर मशीन में प्रति घंटा 2000 से 2500 और चैन पुलिंग मशीन से धान करने के लिए 3000 हजार से 3200 रुपए शुल्क देने होंगे। इसके अलावा गांवों में धान कटाई के लिए मजदूरों की मांग बढ़ गई है। इन दिनों कृषि उपज मंडी में नए धान की आवक शुरू हो गई है। जिले के किसान रबी सीजन में नहर पानी एवं निजी बोर सिंचाई सुविधा और अन्य माध्यम से लगभग 60 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे पर किसानों ने रबी धान की पैदावार ली है।

- रबी सीजन में धान की कटाई हार्वेस्टर एवं चैन पुलिंग मशीन से करा रहे हैं किसान

**खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ाई-** सिंचाई सुविधा से धान फसल लेने वाले 70 प्रतिशत किसानों की धान फसल पककर खेतों में तैयार है। रबी धान की कटाई-मिंजाई तेजी से जारी है। दो दिन पहले हुए खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। क्योंकि रबी धान फसल खेतों में पक कर तैयार है। किसान अंजोरी राम साहू, पुशनू साहू, तेजराम ने कहा कि यदि गर्मी के इस मौसम में बेमौसम बारिश होती है, तो किसानों को भारी नुकसान होगा। क्योंकि धान फसल लगभग तैयार है।

# सल्फी का रस गर्मी में पेट के लिए लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



सल्फी रस पीने से शरीर को मिलती है ठंडकता

क्षेत्र के में चिलचिलाती धूप से लोग हलकान है। भीषण गर्मी में भी बीमार नहीं पड़ते हैं, उनकी सेहत का राज सल्फी पेड़ से निकलने वाले पेय पदार्थ में इस्तेमाल करते हैं। गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सल्फी रस का सेवन बढ़ जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर सल्फी पेड़ का रस में कोल्ड ड्रिंक का काम करता है। सल्फी रस पीने से पेट और शरीर में ठंडक महसूस होती है, हालांकि ज्यादा मात्रा में पीने से नशा भी होता है। लेकिन गर्मी में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सेवन करते हैं। सेल्फी का रस घर वाले के लिए आय का स्त्रोत भी है। सेल्फी का रस गर्मी के दिनों में घर वाले पूर्ति नहीं कर पाते इतना ज्यादा डिमांड लोगों का रहता है। ख़ास बात है कि यहां पेड़ हिराबतर, छिदपारा, कोठी गांव में है। सेल्फी पेड़ को ग्रामीण बेटे की तरह देखभाल करते हैं। चार से पांच साल बाद सेल्फी पेड़ से रस निकलना शुरू हो जाता है। रस को बेचकर अच्छी कमाई कर लेते हैं। इसके अलावा सल्फी का रस गर्मी में पेट के लिए लाभदायक होता है। कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक बताते हैं कि सेल्फी रस का सेवन पाचन क्रिया को दुरुस्त करने का काम करता है। खासकर गर्मी में सेवन करने से पेट सहित शरीर को काफी ठंडक पहुंचती है। यही वजह है कि क्षेत्र के लोग गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक या प्रिज का ठंडा पानी नहीं बल्कि सेल्फी रस का सेवन करते हैं, हालांकि ज्यादा मात्रा में सेवन से इससे नशा ज़रूर होता है, लेकिन सेहत पर साइट इफेक्ट्स नहीं डालता है। ग्रामीणों ने बताया कि छिद पेड का दूसरा रूप सेल्फी है। इस पेड़ से डेढ़ दो महीने तक रस देता है। इसलिए अंचलों के ग्रामीण घरों में ज्यादा से ज्यादा सेल्फी पौधा का रोपण करते हैं। वैवाहिक कार्यक्रम और घर में मेहमाननवाजी के लिए भी सेल्फी रस का इस्तेमाल होता है। इसका रस सुबह-शाम निकालें जाते हैं।

# स्टेडियम में लगे हाईमास्ट लाइट को प्रारंभ करवाने युवाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर भाठीगढ स्थित पैरी मिनी स्टेडियम में 10 मई से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं का दल आज मैनपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मांगपत्र सौपकर मांग किया है कि खेल मैदान भाठीगढ में लगाये गये हाईमास्क लाईट को तत्काल प्रारंभ करवाया जाये। जिससे रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिता सुचारू रूप से चल सके। साथ ही एक मांगपत्र जनपद पंचायत कार्यालय मैनपुर पहुंचकर मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों को भी सौपकर मांग किया गया है, मैनपुर, हरदीभाठा, भाठीगढ से लगभग 70 से 80 युवाओं की टीम आज सुबह 11 बजे मैनपुर में एकत्र होकर एसडीएम एंव सीईओ को ज्ञापन सौपकर मांग किया है कि खेल मैदान में 08 माह पूर्व ठेकेदार के द्वारा लगाई गई हाईमास्क लाईट को अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है। यहां ट्रांसफार्मर लगाना जरूरी है, अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। युवाओं ने मांग किया है कि तत्काल ट्रांसफार्मर लगाकर हाईमास्ट लाइट को प्रारंभ किया जाये। इस मौके पर प्रमुख रूप से उमेन्द्र निर्मलकर, नजीब बेग, हरिश्वर पटेल, मैनपुर सरपंच बलदेव राज ठाकुर, गेंदु यादव, टीकम नागवंशी, लिबास पटेल, खेलन साहू, आसीफ खान, कोमल साहू, बिरेन्द्र कुमार, सौरभ सोनवानी, चेतन सोनवानी, वरूण पटेल, नंदकिशोर पटेल, शेखर पटेल, अवस्थी सहित बडी संख्या में क्षेत्र के युवाओं ने मांगपत्र सौपकर हाईमास्ट लाइट प्रारंभ करने की मांग की है।

# अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



छत्तीसगढ़ की संस्कृति में शामिल विभिन्न पर्वों में से एक महत्वपूर्ण अक्षय तृतीया पर्व को लेकर हर बार की तरह इस बार भी लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, 10 मई को पड़ने वाले इस पर्व को लेकर अब बाजार में भी रौनक दिखने लगी है, कुम्हार परिवार मिट्टी के बर्तन के साथ ही मिट्टी से बने खिलौनों लेकर बाजार के साथ गांव–गांव पहुंच रहे हैं, अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा–बेटियों का विवाह संपन्न करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ बच्चे भी अपने गुड्डे–गुडियों की शादी धूमधाम से रचाने की तैयारी में जुट गए। परीक्षा से निवृत होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्योहार अक्षय तृतीया या अक्ति में बच्चों के लिए गुड्डे गुडियों की शादी का खेल सबसे रोचक हैं, यहां बताना लाजमी होगा की छत्तीसगढ़ की संस्कृति में हर त्योहार विशेष महत्व रखता है, इनके पीछे जहां एक ओर कुछ धार्मिक और लोक मान्यताएं होती है, अक्ति के दिन बच्चों द्वारा गुड्डे, गुडियों की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परंपरा का हिस्सा है, इस खेल में पुतरा-पुतरी, वर-वधु के प्रतीक होते हैं और ये दोनों ही मिट्टी की बनी होती है, अक्षय तृतीया के पहले से ही कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तनों के साथ ही मिट्टी से बने इन खिलौनों को रंग, रंगोकर बाजार में बेचा जाता है। अक्ति के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं।

